# हाईटाइड के कारण वेनिस शहर में भीषण बाढ़, आपातकाल लागू

त्रासदी

## बाढ़ से बेहाल हुआ वेनिस शहर, पीएम ने बताया दिल तोड़नेवाला समय

■बाढ़ का पानी ऐतिहासिक स्मारकों और बिल्डिंगों में भी कर चुका है प्रवेश, राहत कार्य जारी

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)**

वेनिस। खूबसूरत नहरों और सुंदरता के लिए मशहूर वेनिस शहर इस वक्त भयानक बाढ़ की त्रासदी से गुजर रहा है। दुनिया के सबसे खूबसूरत शहरों में शुमार वेनिस 53 सालों की सबसे बुरे बाढ़ के दौर से गुजर रहा है। बाढ़ की स्थिति को देखकर मेयर ने आपातकाल की घोषणा कर दी है। इटली के प्रधानमंत्री जोजेपे कान्टे ने भी फेसबुक पोस्ट लिखकर इसे इटली के लोगों के लिए बहुत दुखद अनुभव बताया है।

**वेनिस में रुके प्रधानमंत्री, कहा- हमारे दिल पर चोट**

बाढ़ से हुए नुकसान का जायजा लेने और शहर की स्थिति देखने के लिए प्रधानमंत्री ने वेनिस का दौरा किया। उन्होंने कैबिनेट के साथ मीटिंग भी की। वेनिस में बाढ़ के हालात पर पीएम ने भावुक करनेवाला फेसबुक पोस्ट भी लिखा। उन्होंने लिखा, ऐतिहासिक और पूरी दुनिया में अपनी नैसर्गिक खूबसूरती के लिए मशहूर यह शहर 53 साल के सबसे भयान बाढ़ त्रासदी से गुजर रहा है। यह हादसा हमारे दिल पर चोट करनेवाला है। वेनिस शहर एक बार फिर अपने पैरों पर खड़ा हो जाएगा और हमें उसके लिए हर संभव कोशिश करनी होगी।



बाढ़ के बाद शहर की सफाई करते स्थानीय लोग।

**हाईटाइड के कारण पूरे शहर में भरा पानीः** बाढ़ का प्रमुख कारण 13 नवंबर को हाईटाइड था, जिसके कारण पूरे शहर में पानी भर गया। इटली के नहरों में पानी खतरनाक लेवल तक पहुंच गया और शहर तक फैल गया। प्रसिद्ध स्मारक, घर और व्यवसाय बाढ़ से प्रभावित हुए हैं। यह जल स्तर समुद्र के तल से 1.87 मीटर ऊपर पहुंच गया। शहर के मेयर लुइगी ब्रुगनारो ने बताया कि यह ऐतिहासिक आपदा है। इससे उबरने के लिए हमें जी-जीन से जुटना होगा। मेयर ने ट्वीट किया कि पूरा शहर घुटनों पर आ गया है।

**पीएम बोले भविष्य के हालात के लिए हम तैयारः** इटली के प्रधानमंत्री ने कहा कि भविष्य में आनेवाली मुश्किलों का सामना करने के लिए हम तैयार हैं। उन्होंने कहा, शहर से पानी निकालने के साथ ही शहर में और पानी प्रवेश न करे इसके लिए पूरी तैयारी है। बता दें कि वेनिस में बढ़ते जलस्तर का खतरा देखते हुए समंदर के पानी को शहर में आने से रोकने के लिए गेट बनाए गए हैं। पानी बढ़ने की स्थिति में इन गेट को बंद किया जा सकता है। इसके साथ ही पिछले कई सालों से वेनिस के ड्रेनेज सिस्टम और कमजोर होती नहरों की मरम्मत कर पानी के निकासी के लिए इंतजाम किए गए हैं।

## न्यूज डायरी



### 'पूरब की बेटी' बेनजीर ने संभाली पाकिस्तान की सत्ता

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)** नयी दिल्ली। बेनजीर भुट्टो को भारत के पड़ोसी देश पाकिस्तान की कद्दावर सियासी शख्सियत में शुमार किया जाता है। उन्हें एक मुस्लिम देश की पहली महिला प्रधानमंत्री होने का गौरव हासिल है। यहां यह भी उल्लेखनीय है कि उन्होंने यह पद दो बार संभाला। पहली बार वह 16 नवंबर 1988 को देश की प्रधानमंत्री चुनी गईं, जब उनकी पाकिस्तान पीपुल्स पार्टी ने चुनाव में सफलता हासिल की। दूसरी बार वह 1993 में प्रधानमंत्री बनीं। हालांकि दोनो ही बार वह अपना कार्यकाल पूरा नहीं कर पाईं। 1988 में बेनजीर ने बड़ी जीत हासिल कर सरकार बनाई, लेकिन 1990 में राष्ट्रपति गुलाम इशाक खान ने उनकी सरकार को बर्खास्त कर दिया। 1993 में वह दोबारा प्रधानमंत्री बनीं, लेकिन 1996 में भ्रष्टाचार के आरोप में उनकी सरकार को दोबारा बर्खास्त किया गया। उनका जीवन उतार चढ़ाव से भरपूर रहा और 27 दिसंबर 2007 को एक बम धमाके में उनकी मौत हो गई।

### संयुक्त राष्ट्र की अहम समिति ने मानवाधिकार उल्लंघन को लेकर की उत्तर कोरिया की निंदा

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)** संयुक्त राष्ट्र। संयुक्त राष्ट्र महासभा की मानवाधिकार समिति ने एक प्रस्ताव को मंजूरी देकर उत्तर कोरिया में मानवाधिकार उल्लंघन की निंदा की। प्रस्ताव में कहा गया है कि उत्तर कोरिया में मानवाधिकार का व्यापक उल्लंघन मानवता के खिलाफ अपराध के समान हो सकता है। इस प्रस्ताव को उत्तर कोरिया के संयुक्त राष्ट्र मिशन ने निंदा की है और इसे ''राजनीति से प्रेरित'' एवं ''मनगढंत'' बताया है। यूरोपीय संघ द्वारा प्रस्तावित यह प्रस्ताव बृहस्पतिवार को सर्वसम्मति से स्वीकार किया गया। दिसंबर में 193 सदस्यीय सभा के इसे अंगीकार करने की संभावना है। इस प्रस्ताव में उत्तर कोरिया में ''मानवाधिकारों के घोर उल्लंघन'' की निंदा की गई है। एक संयुक्त राष्ट्र जांच आयोग ने कहा है कि यह मानवता के खिलाफ अपराध के समान हो सकता है। इसमें उत्पीड़न और बलात्कार से लेकर विचारों और धर्म के पालन की आजादी पर प्रतिबंध जैसे उल्लंघनों का जिक्र किया गया है।

### ट्रंप जूनियर की किताब 'ट्रिगर्ड' थोक खरीद की मदद से नंबर एक बेस्टसेलर बनी

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)** न्यूयार्क। डोनाल्ड ट्रंप जूनियर की किताब 'ट्रिगर्ड' न्यूयार्क टाइम्स की नंबर एक बेस्टसेलर बन गई है। हालांकि बिक्री के आंकड़े बता रहे हैं कि इस किताब की थोक खरीद भी हुई है। ''ट्रिगडर्रू हाऊ दी लेफ्ट थ्राइव्ज ऑन हेट ऐंड वांट्स टू साइलेंस अस'' पिछले हफ्ते बाजार में आई। यह टाइम्स की हार्ड कवर नॉन फिक्शन की सूची में शीर्ष पर है। यह सूची टाइम्स के 24 नवंबर के संस्करण में प्रकाशित होगी। इस पर खुशी जाहिर करते हुए राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने ट्वीट किया, ''वाह! अभी अभी बताया गया कि मेरे बेटे की किताब 'ट्रिगर्ड' न्यूयार्क टाइम्स की बेस्टसेलर की सूची में पहले नंबर पर है। बधाई डॉन!'' सूची में इस किताब के साथ एक चिन्ह लगाया गया है जो यह संकेत देता है कि कुछ खरीद थोक में हुई है। इसका मतलब यह है कि लेखक या उससे जुड़े किसी व्यक्ति ने किताब की बड़ी संख्या में खरीद की है। बुकस्कैन के मुताबिक पिछले हफ्ते ''ट्रिगर्ड'' की 71,000 प्रतियां बिकी।


### ईरान में ट्रक दुर्घटना में 28 अफगान नागरिकों की मौत

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)** तेहरान। दक्षिण-पूर्व ईरान में बृहस्पतिवार को एक ट्रक दुर्घटना में कम से कम 28 अफगान नागरिकों की मौत हो गई। यह जानकारी अर्ध सरकारी समाचार एजेंसी इसना ने दी। ईरान की आपातकालीन सेवाओं के प्रवक्ता मोजताबा खालिदी ने बताया कि सिस्तान-बलूचिस्तान प्रांत में खश काउंटी में दो ट्रक आपस में टकरा गए। उन्होंने बताया कि इस दुर्घटना में 21 अन्य यात्री घायल हो गए। सरकारी टेलीविजन चौनल के अनुसार एक वाहन का टायर फटने के बाद ड्राइवर का उस पर नियंत्रण नहीं रहा और वह दूसरे वाहन से टकरा गया।

## चीन ने 2020 के अभियान से पहले मंगल लैंडर परीक्षण पूरा किया

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)** हुआईलाई। चीन ने 2020 में मंगल ग्रह के लिए प्रस्तावित अपने पहले अभियान से पहले मंगल लैंडर का परीक्षण पूरा कर लिया। अंतरिक्ष में अमेरिका को चुनौती देने और वैश्विक ताकत बनने के लिए चीन कई महत्वाकांक्षी मिशन पर काम कर रहा है। चीनी सेना द्वारा संचालित इस अंतरिक्ष कार्यक्रम में अरबों डॉलर लगाया है और पेइचिंग 2022 तक वहां अपने अंतरिक्ष यात्रियों का एक अंतरिक्ष स्टेशन स्थापित करने की उम्मीद कर रहा है। गुरुवार का परीक्षण उत्तरी हेबई प्रांत के हुआईलाई में किया गया। चीन राष्ट्रीय अंतरिक्ष प्रशासन के निदेशक चांग केच्यान ने कहा कि यह परीक्षण मंगल पर उतरने की चीन की योजना का एक अहम हिस्सा है। उन्होंने एक बयान में कहा, 'फिलहाल, सभी विकास कार्य सुगमता से चल रहे हैं।' बता दें कि चीन अंतरिक्ष के क्षेत्र में अमेरिका की बराबरी कर इस क्षेत्र में एक शक्ति बनना चाहता है।

**चांद के अनदेखे हिस्से पर भी पहुंचा चीनः** धरती से हमें चांद का एक तरफ का हिस्सा ही देखता है। चीन इसके दूसरी तरफ के हिस्से तक पहुंचने में कामयाब हो गया है। इसी साल जनवरी में चीन का लूनर रोवर चेंज ई-4 चांद के उस अनदेखे हिस्से पर सफलतापूर्वक लैंड हुआ, जिसे डार्क साइड कहा जाता है।



## मोटी बिल्ली को फ्लाइट में ले जाने के लिए किया नाटक

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)** न्यू यॉर्क। एक शख्स को अपनी ओवरवेट बिल्ली को पैसेंजर केबिन में ले जाना और फिर सोशल मीडिया पर इसे शेयर करना महंगा पड़ गया। मिखाइल गालिन नाम के एक शख्स ने चेक इन के दौरान अपनी मोटी बिल्ली को एक हल्के वजन की बिल्ली के साथ बदल दिया और फिर अपनी बिल्ली के साथ प्लेन में सवार हो गए। उन्होंने सोशल मीडिया पर इस घटना का जिक्र किया और बदले में एयरलाइंस ने कार्रवाई कर दी। रूसी एयरलाइंस ने मिखाइल को फ्रीक्वेंट फ्लायर प्रोग्राम से हटा दिया। मिखाइल अगर इस घटना का जिक्र सोशल मीडिया पर नहीं करते तो सब कुछ ठीक चलता रहता।

# कैलिफोर्निया के स्कूल में गोलीबारी, 2 की मौत

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)**



बच्चों की मौत से हर आंख नम।

सेंटा क्लेरिटा। सदर्न कैलिफॉर्निया के एक स्कूल में एक छात्र ने गोलीबारी की जिसमें 2 छात्रों की मौत हो गई और 3 अन्य घायल हो गए। इसके बाद हमलावर छात्र ने खुद के सिर में भी गोली मार ली। यह गोलीबारी लास एंजिलिस से करीब 30 मील दूर सेंटा क्लेरिटा के सौगस हाई स्कूल में गुरुवार को स्थानीय समयानुसार सुबह करीब साढ़े सात बजे हुई।

**घटना में 6 लोगों के घायल होने की खबरः** लास एंजिलिस काउंटी के शेरिफ एलेक्स विलानुएवा ने बताया कि 16 वर्षीय संदिग्ध समेत 6 लोगों को गोली लगी है। हमलावर का बृहस्पतिवार को जन्मदिन था। इस हमले के पीछे के कारण के बारे में अभी कोई जानकारी नहीं दी गई है। गोलीबारी के एक वीडियो में हमलावर अपने सिर में गोली मारते दिखाई दे रहा है।

**14 और 16 साल के 2 छात्र गोलीबारी में मारे गएः** अधिकारियों ने बताया कि हमलावर के पास .45 कैलिबर की पिस्तौल थी। इस गोलीबारी में मारे गए छात्रों की आयु 16 वर्ष और 14 वर्ष है। उनके नाम जारी नहीं किए गए हैं। सौगस हाई स्कूल समेत इलाके के सभी स्कूलों में लोगों के आने-जाने पर रोक लगा दी गई है। लास एंजिलिस काउंटी के अंडरशेरिफ टिम मुराकामी ने छात्रों के अभिभावकों से माफी मांगते हुए कहा कि जांचकर्ताओं को छात्रों से पूछताछ करनी है जिसके बाद उन्हें स्कूल से जाने दिया जाएगा।

## इस्लामिक स्टेट के आतंकवादियों को स्वदेश लाएं यूरोपीय देश

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)** वॉशिंगटन। अमेरिका के विदेश मंत्री माइक पोम्पिओ ने कहा है कि वे इराक एवं सीरिया में हिरासत में बंद इस्लामिक स्टेट के उन आतंकवादियों को अपने देश में वापस लेकर उनके खिलाफ अभियोग चलाएं जो उनके देश के नागरिक हैं। पोम्पिओ ने करीब 30 गठबंधन सदस्यों के विदेश मंत्रियों और वरिष्ठ अधिकारियों से कहा कि यह आवश्यक है कि वे दोनों देशों में आईएस के कब्जे के समय किए गए अत्याचारों के लिए हिरासत में बंद हजारों विदेशी आतंकवादियों को जवाबदेह बनाएं।

हिरासत में बंद कई विदेशी आतंकवादी यूरोप से हैं, लेकिन उनके देश उन्हें वापस लेने के इच्छुक नहीं है और अधिकारियों ने स्वीकार किया कि इस मामले में गठबंधन साझीदारों के बीच अब भी मतभेद है कि इन आतंकवादियों से निपटने का सर्वश्रेष्ठ तरीका क्या हैं। पोम्पिओ ने कहा कि इन आतंकवादियों को उनके देश में न्याय के दायरे में लाया जाना महत्वपूर्ण है ताकि उन्हें सीरिया और इराक में फिर से कब्जा करने से रोका जा सके।